भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्याः 2664**
उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024 (बुधवार)
20 अग्रहायण, 1946 (शक)

**प्रश्न**

**पूर्वोत्तर परिषद कोष के अंतर्गत प्रस्ताव**

**2664. श्री बिप्लब कुमार देबः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) कोष के अंतर्गत प्राप्त, स्वीकृत और पूर्ण किए गए प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान एनईसी कोष के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) एनईसी की स्कीमों के तहत पिछले पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) के दौरान एनईसी द्वारा 8,585.67 करोड़ रुपये के कुल 927 प्रस्ताव प्राप्त किए गए, 2,853.90 करोड़ रुपये की 590 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई और 367.23 करोड़ रुपये की लागत वाली 121 परियोजनाएं पूर्ण/समाप्त की गईं। इसी प्रकार, उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) - सड़कें के तहत 14,406.35 करोड़ रुपये की कुल 209 परियोजनाएं प्राप्त हुईं, 3,545.12 करोड़ रुपये की 69 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं और 551.75 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाएं पूर्ण हुईं।

(ख) एनईसी की स्कीमों और एनईएसआईडीएस-सड़कें के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और राज्य-वार जारी की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया हैः-

**<u>पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष जारी की गई निधियों का ब्यौरा</u>**

| वर्ष | जारी निधियां (एनईसी की स्कीमें + एनईएसआईडीएस (सड़कें)) (करोड़ रु. में) |
|---|---|
| 2019-20 | 1243.28 |
| 2020-21 | 852.52 |
| 2021-22 | 1133.27 |
| 2022-23 | 499.16 |
| 2023-24 | 1299.84 |
| **कुल** | **5028.07** |

**<u>पिछले पांच वर्षों के दौरान जारी की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा</u>**

| राज्य | जारी निधियां (एनईसी की स्कीमें + एनईएसआईडीएस (सड़कें)) (करोड़ रु. में) |
|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | 421.88 |
| असम | 576.45 |
| मणिपुर | 539.99 |
| मेघालय | 580.84 |
| मिजोरम | 360.3 |
| नागालैंड | 787.90 |
| सिक्किम | 268.21 |
| त्रिपुरा | 585.17 |
| अन्य एजेंसियां | 907.33 |
| **कुल** | **5028.07** |

*****